फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद, जिला राजसमन्द

श्री दिनेश माली निवासी नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द — अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा — प्रत्यर्थी

मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 03 / 2026**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 30.01.2026

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से जरिये पत्र क्रमांक :– आर.टी.आई./2026/104 दिनांक 27.01.2026 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी श्री दिनेश माली निवासी श्रीनाथ कॉलोनी नाथद्वारा के प्रार्थना पत्र क्रमांक 24480768860348324 दिनांक 12.12.2025 से संबंधित सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांकः राजस्व/2025/961–963 दिनांक 29.12.2025 से रजिस्टर्ड डाक द्वारा 02.01.2026 से भिजवायी गयी है।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना जरिये पत्र क्रमांक राजस्व/2025/961–963 दिनांक 29.12.2025 से जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा अपीलार्थी को भिजवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद